आवेदन पत्र भरने से पहले पीछे दिये गये दिशा निर्देश पढ़ लेवे एवं अपने दस्तावेजों में जो प्रविष्टी है उसी के अनुसार आवेदन पत्र व शपथ पत्र तैयार किया जावे।

प्रपत्र–4

# विवाह पंजीयन हेतु आवेदन – पत्र

(दिनांक 22/05/2006 से पूर्व संपन्न विवाहों के लिए)

श्रीमान् विवाह पंजीयन अधिकारी,
नगर निगम, जयपुर (विवाह पंजीयन आवेदन पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में भरे )
मुझे विवाह पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत करना हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:

| सूचना | विवरण हिन्दी में | *विवरण अंग्रेजी में (केपिटल अक्षरो में) |
|---|---|---|
| (A) पति का विवरण – | | |
| पति का नाम :——— | ...................... | ...................... |
| पति के पिता का नाम :– | ...................... | ...................... |
| स्थायी पता :– | ......................<br>.<br>जिला. ................ राज्य ................ | ......................<br>Distt. ................ State ................ |
| पति की जन्म तिथी :– | ........../........../.......... | ........../........../.......... |

का विवाह नीचे वर्णित दिनाक को

| | | |
|---|---|---|
| (B) पत्नि का विवरण– | | |
| पत्नि का नाम :—— | ...................... | ...................... |
| पत्नि के पिता का नाम :– | ...................... | ...................... |
| पत्नि के पिता का स्थायी पता | ......................<br>......................<br>......................<br>जिला................ राज्य................ | ......................<br>......................<br>......................<br>Distt................ State................ |
| पत्नि की जन्म तिथी :– | ........../........../.......... | ........../........../.......... |

के साथ नीचे वर्णित विवाह स्थल पर एवं दिनांक

| | | |
|---|---|---|
| (C) विवाह संबंधी – | | |
| विवाह स्थल का पता :– | ......................<br>......................<br>.जिला................ राज्य................ | ......................<br>......................<br>Distt................ State................ |
| विवाह दिनांक :– | ........../........../.......... | ........../........../.......... |
| को संपन्न हुआ था। | | |

विवाह हिन्दु अधिनियम एवं रीति–रिवाजो/मुस्लिम रीति/भारतीय क्रिश्चयन अधिनियम एवं रीति रिवाजो/पारसी अधिनियम एवं रीति रिवाजो/विशेष विवाह अधिनियम,1954 के अध्यधीन संपन्न हुआ था। विवाह का पंजीकरण नही कराया जा सका था। आवेदक को विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः विवाह की पुष्टि हेतु पत्नि/पति एवं दो प्रतिष्ठित व्यक्तियो के शपथ पत्र संलग्न है। पति एवं पत्नि के हस्ताक्षर शुदा (अंगुठा निशानी शुदा) फोटो ग्राफ नीचे चस्पा है। पति,पत्नि के संयुक्त फोटोग्राफ की 3 प्रतिया संलग्न है।

पति (श्री.......................................) पत्नि (श्रीमती .......................................)

3.5 x 3.5
पासपोर्ट साईज

जमा राशी की मोहर यहा लगावे

3.5 x 3.5
पासपोर्ट साईज

हस्ताक्षर ......

नाम..................................................... नाम.....................................................

पता..................................................... पता.....................................................

कृपया फीस के पेटे रूपये ....................जमा कराकर एवं विवाह पंजीयन कर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी कराने का कष्ट कराये ।

भवदीय,
आवेदक के हस्ताक्षर/अंगूठा निशानी.........................
आवेदक का पूरा नाम व पता.........................
आवेदक का मोबाईल न0.........................

कार्यालय टिप्पणी के उपयोग हेतु:–

1- आवेदन पत्र 4 एंव सलग्न दस्तावेज की जांच कर ली गई है विवाह पंजीयन कर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

अथवा

2-आवेदन पत्र 4 एवं सलग्न दस्तावेजो की जांच की गई जिसमें निम्न कमियॉ पायी गई है जिनकी पूर्ति करने के बाद विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा।

A- वर के दस्तावेजो में निम्न कमियां पाई गई :– ......................................

B- वधु के दस्तावेजो में निम्न कमियां पाई गई:– ......................................

C- दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों (गवाहो) या पुरोहित/पादरी/काजी के दस्तावेजो में निम्न कमियां पाई गई:– ....................

D- अन्य कमियां......................................

E- वर–वधु मेरे सामने आज दिनांक ....................को उपस्थित होकर मेरे सामने आवेदन पत्र 1 पर हस्ताक्षर/अॅगूठा निशानी की जिनको मैं सत्यापित कर रहा हूॅं मैं मेरे हस्ताक्षर सत्यापितकर्ता के रूप में कर रहा हूॅं।

(सत्यापितकर्ता के हस्ताक्षर नाम, पद एवं विभाग का नाम)

आवेदन पत्र अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विवाह पंजीयन अधिकारी के हस्ताक्षर मय नाम विवाह पंजीयन लिपिक के हस्ताक्षर मय नाम

## 22.05.2006 से पूर्व संपन्न विवाहो के लिए आवेदक द्वारा की जाने वाली कार्यवाही प्रपत्र–4 के लिए :–

| | |
|---|---|
| 1 | विवाह पंजीयन कहॉ होगा :– विवाह पंजीयन कहा होगा :– (A) जहा विवाह संपन्न हुआ है उस क्षेत्र के विवाह पंजीयन अधिकारी द्वारा विवाह पंजीयन कर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा जोन के क्षेत्र का निर्धारण विवाह स्थल से होगा। एवं गृह (ग्रुप–13) विभाग के पत्र क्रमांक प.6 (19) /2006 जयपुर दिनांक 07/09/2006 एवं पत्र क्रमांक प.6(19) गृह–13 2006 जयपुर दिनांक 28/01/2008 के अनुसार यदि आवेदक विवाह पंजीयन अधिकारी के समक्ष संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत करता है जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उनका विवाह 22/05/2006 से पूर्व विवाह पंजीयन अधिकारी के कार्य क्षेत्र के बाहर सम्पन्न हो चुका था एवं वर्तमान मे भी वे वैवाहिक दम्पति के रूप मे रह रहे है तो ऐसे विवाहो का पंजीयन भी दिशा–निर्देशो मे निर्धारित प्रक्रिया अपना कर किया जावे। जोन के क्षेत्र का निर्धारण निवास स्थान से होगा। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधाधर नगर जोन | **1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,15,16,17,66,67,68,69** | 2 | सिविल लाईन | **11,12,13,14,18,19,20,21,22,41,42,43,63** |
| 3 | सांगानेर जोन | **30,31,32,33,34,36,37** | 4 | मोती डूगंरी जोन | **35,38,39,44,45,46,47,48,50,51** |
| 5 | हवामहल जोन (पश्चिम) | **60,61,62,64,65,70,71** | 6 | हवामहल जोन पूर्व | **49,52,53,54,55,56,57,58,59,72,73** |
| 7 | मानसरोवर जोन | **23,24,25,26,27,28,29,40** | 8 | आमेर जोन | **74,75,76,77** |

| | |
|---|---|
| 2 | विवाह पंजीयन हेतु निर्धारित आवेदन प्रपत्र–4 पूर्ण भरकर पति पत्नि के अलग –अलग पासपोर्ट साईज के फोटो जो कि हस्ताक्षरशुदा/अंगूठानिशानी सहित आवेदन पत्र पर चस्पा कर दोनो के संयुक्त हस्ताक्षरो से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावेगा। दिनांक 25/01/2008 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता मे हुई बैठक के निर्णय के अनुसार पति पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है गवाहो की उपस्थिति अनिवार्य नही है। जमा राशी के आदेश एवं पति पत्नि की पहचान लिपिक स्तर पर भी की जा सकती है। विवाह पंजीयन अधिकारी को विवाह पंजीयन हेतु इस बात की संतुष्टि करना अपेक्षित है कि विवाह पंजीयन हेतु जो आवेदन प्रस्तुत हुआ है उससे यह स्पष्ट हो जाता है कि पति एवं पत्नि द्वारा विधि सम्मत ढंग से विवाह किया गया है । इस संतुष्टि हेतु पंजीयन अधिकारी को स्वविवेक एवं आवेदन पत्र के साथ निर्दिष्ट दस्तावेजो को उपयोग मे लाना आवश्यक है। |
| 3 | पति एवं पत्नि के संयुक्त फोटोग्राफ की वर्तमान की 3 प्रतिया पोस्टकार्ड साइज (5" X 3" इंच) जो कि हस्ताक्षरशुदा/अंगूठा निशानी सहित संलग्न करनी है। |
| 4 | आवेदन पत्र के साथ 20/–रू. की फीस जमा करावे। |
| 5 | विवाह संपन्न होने संबंधी पुष्टि हेतु पत्नि/पति एवं दो प्रतिष्ठित व्यक्तियो के निर्धारित शपथ–पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करे। |
| 6 | पति एवं पत्नि का पूरा नाम, स्थाई निवास, जन्म दिनांक के दस्तावेज इनके प्रमाण के रूप मे आवेदन पत्र के साथ लगाये जा रहे है वो ही प्रविष्टि आवेदन प्रपत्र–4 भरते समय एवं शपथ–पत्रो मे अंकित करे। पत्नि के निवास स्थान मे सभी जगह पत्नि के पिता का निवास स्थान भरा जावे। |
| 7 | दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम स्थाई निवास के दस्तावेज इनके प्रमाण के रूप में लगाये जा रहे है। वो ही प्रविष्टि आवेदन पत्र–4 भरते समय व शपथ पत्रो में अकिंत करे। विवाह का कार्ड उपलब्ध हो तो संलग्न करे। (पति, पत्नि दोनो का) |
| 8 | सभी प्रकार के शपथ पत्र पाई पेपर पर नोटेरी से सत्यापित एवं सभी प्रकार के दस्तावेजो की फोटोस्टेट प्रतिलिपी नोटेरी या राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जावे। |
| 9 | विवाह प्रमाण पत्र अंग्रेजी मे चाहने हेतु प्रपत्र–4 हिन्दी एवं अंग्रेजी के केपीटल अक्षरो मे भरा जावे। |
| 10 | पति, पत्नि एवं दो प्रतिष्ठित व्यक्तियो के नाम, स्थाई निवास , जन्म दिनांक के प्रमाण के रूप मे निम्न दस्तावेज लगाये जा सकते है :– राशन कार्ड, पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेन्स, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, नल का बिल, बिजली का बिल, टेलीफोन बिल, शैक्षणिक दस्तावेज इनमे से कोई भी एक–एक दस्तावेज पति, पत्नि एवं दोनो प्रतिष्ठित व्यक्तियो का अलग–अलग लगाये। |
| 11 | आवेदन पत्र का क्रम निन्नानुसार करे :– सबसे ऊपर आवेदन पत्र प्रपत्र 4, वर वधु के नाम जन्म दिनांक व स्थाई निवास के दस्तावेज , वर वधु का शपथ पत्र ,गवाहो के रूप में दो प्रतिष्ठित व्यक्तियो के नाम व स्थाई निवास के दस्तावेज व शपथ पत्र , विवाह का कार्ड , सयुक्त फोटोग्राफ व अन्य दस्तावेज लगावे । |

## दिनांक 22.05.2006 से पूर्व सम्पन्न विवाहो के लिए (प्रपत्र– 4 के लिए)

**शपथ पत्र (विवाह की पुष्टि हेतु नमूने के लिए सयुक्त शपथ पत्र है जिसको आवश्यकतानुसार पति–पत्नि अलग–अलग पाई पेपर पर नोटरी से सत्यापित करवाने है।)**

मै .........................पुत्र/पुत्री श्री............ जाति ........ उम्र....... निवासी (पूर्ण पता पिता का) ........................ शपथ पूर्वक बयान करता/करती हॅू कि :–

1. यह है कि मेरा विवाह श्री /श्रीमति ................. पुत्र/पुत्री श्री............ निवासी (पूर्ण पता पिता का).......... के साथ विवाह स्थल (पूर्ण पता विवाह स्थल का) ........................... जिला..... ........ राज्य................ में दिनांक.......... को सम्पन्न हुआ था :–

(A) विवाह स्थल आपके क्षेत्राधिकार में आता है अतः मेरा विवाह पंजीयन कर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

अथवा

(B) विवाह स्थल आपके क्षेत्राधिकार में नही आता है लेकिन आवेदन के समय में आपके क्षेत्राधिकार में मेरी पत्नि श्रीमति ........................./मेरे पति श्री ................ के साथ निवास (पूर्ण पता)......................... पर रह रहा/रही हॅू अतः निवास स्थान के आधार पर मेरा विवाह पंजीयन कर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

( A एवं B में से आवश्यकतानुसार कोई एक टाइप करावे।)

2. यह है कि अनिवार्य विवाह पंजीयन लागू होने से पूर्व मेरा विवाह होने के कारण आज दिनांक (आवेदन की दिनांक अंकित करे)................... से पहले कही भी विवाह स्थल एवं निवास स्थान के आधार पर विवाह पंजीयन कराकर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र नही लिया है ना ही कही आवेदन किया है। अब मुझे विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। वर्तमान में मै और मेरी पत्नि श्रीमति ............/मेरे पति श्री ..................... वैवाहिक दम्पति के रूप में साथ–साथ उपरोक्त पते पर रह रहे है। यहाँ से विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के बाद और किसी जगह से विवाह पंजीयन कराकर विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र नही बनवाऊॅगा /बनवाऊॅगी। भविष्य में विवाह पंजीयन हेतू कही भी आवेदन नही करूगां/करूंगी।

3. यह है कि दिनांक (विवाह के एक दिन पहले की दिनांक अंकित करे)................... तक मे अविवाहित /विधुर/तलाकशुदा था/थी। (जो भी उचित हो लिखे)

4. मैं यह शपथ पत्र अपने विवाह पंजीयन हेतु पूर्ण होश–हवास बिना किसी नशे–पते , जोर जबरदस्ती , दबाव के एवं स्वस्थ चित दिमाग से दे रहा हूं/रही हूं।

हस्ताक्षर शपथगृहिता

**सत्यापित**

मै.............................. उपरोक्त शपथगृहिता सत्यापित करता/करती हॅू कि शपथ पत्र की मद संख्या 1 से 4 सही एवं सत्य है इसमे कुछ भी नही छिपाया गया है अगर इसमे किसी प्रकार की भविष्य में असत्यता पायी जाती है तो मै स्वयं जिम्मेदार रहूगा। ईश्वर मेरा साक्षी है । बमुकाम जयपुर

दिनांक..............

हस्ताक्षर सत्यापितकर्ता

**शपथ पत्र (विवाह की पुष्टि हेतु दो प्रतिष्ठित व्यक्तियो के अलग अलग पाई पेपर पर नोटरी से सत्यापित करवाने है।)**

मै...................... पुत्र/पत्नि/श्री ...............................जाति .......... ...............उम्र ........ निवासी (पूर्ण पता)...................................................................................................... शपथ पूर्वक बयान करता हॅू/करती हॅू।

1. यह है कि श्री....................................... पुत्र श्री ................................ स्थाई निवासी(पूर्ण पता)............................................................................ का विवाह श्रीमति .................................. पुत्री श्री ............................................................... निवासी(पूर्ण पता पत्नि के पिता का ) ............................................................................ के मध्य पति पत्नि के रूप में सभी परिजनों एवं मेहमानो के सामने पूर्ण धार्मिक विधि विधान से पाणिग्रहण संस्कार पुरोहित/पादरी/काजी द्वारा विवाह स्थल ..................................................................जिला ............................ राज्य.. ...................................... में दिनांक ....................................... को सम्पन्न करवाया गया था :–

(A) इनका विवाह उपरोक्तानुसार सम्पन्न हुआ है विवाह में मैं स्वयं उपस्थित था जिसका मैं चश्मदीद गवाह हॅू। विवाह स्थल आपके क्षेत्राधिकार में आता है अत इनका विवाह पंजीयन किया जावे।

अथवा

(B) इनका विवाह उपरोक्तानुसार सम्पन्न हुआ है विवाह में मैं स्वयं उपस्थित था जिसका मैं चश्मदीद गवाह हॅू। आवेदन के समय उपरोक्त वैवाहिक दम्पति निवास स्थान(पूर्ण पता) ................................................ पर निवास कर रहे है इसकी मुझे जानकारी है एवं निवास स्थान आपके क्षेत्राधिकार में आता है अतः इनका विवाह पंजीयन किया जावे।

( A एवं B में से आवश्यकतानुसार कोई एक टाइप करावे।)

2. मैं यह शपथ पत्र पूर्ण होश–हवास बिना किसी नशे–पते , जोर जबरदस्ती , दबाव के एवं स्वस्थ चित दिमाग से दे रहा हूं/रही हूं।

हस्ताक्षर शपथगृहीता

**सत्यापित**

मै..............................उपरोक्त शपथगृहिता सत्यापित करता हॅू कि उक्त शपथ पत्र के समस्त तथ्य मेरी निजी जानकारी में सही एवं दुरस्त है इसमें कुछ भी असत्य अंकित नही है। अगर इसमें किसी प्रकार कि भविष्य में असत्यता पायी जाती है तो मै स्वयं जिम्मेदार रहॅुगा। ईश्वर मेरा साक्षी है। बमुकाम जयपुर

दिनांक..............

हस्ताक्षर सत्यापितकर्ता

**शपथ पत्र (नाबालिग अवस्था में शादी सम्पन्न होने पर नमूने के लिए सयुक्त शपथ पत्र है जिसको आवश्यकतानुसार पति–पत्नि अलग–अलग पाई पेपर पर नोटरी से सत्यापित करवाने है।)**

मै...................... पुत्र/पुत्री श्री ............जाति .......उम्र ............ स्थाई निवासी(पूर्ण पता पिता का )................................. शपथ पूर्वक बयान करता हॅू/करती हॅू कि :–

1. यह है कि मेरा विवाह श्री/श्रीमति.......................पुत्र/पुत्री श्री................... स्थाई निवासी(पूर्ण पता पिता का )...........................के साथ विवाह स्थल ...................................... जिला .......................... राज्य .... ............................में दिनांक ........................... को सम्पन्न हुआ था :–

2. यह कि मै शपथ पूर्वक बयान करता हुं/करती हुं कि विवाह दिनांक को मै बांलिग/नाबालिग था/थी एवं मेरी/मेरा पत्नी/पति बालिंग/नाबालिंग था/थी।(जो भी उचित हो वही सही ✓ मार्क करे )

3. यह कि मै शपथ पूर्वक बयान करता हूॅ/करती हूॅ कि आज दिनांक (आवेदन की दिनांक अंकित करे)............................ को हमारे विवाह को अवैध करार दिये जाने संबंधी कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन नही है एवं विवाह संपादित होने संबंधी कोई आपराधिक मामला भी न्यायालय में विचारधीन नही है। अतः विवाह पंजीयन कर विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी किया जावे।

4. मैं यह शपथ पत्र पूर्ण होश–हवास बिना किसी नशे–पते , जोर जबरदस्ती , दबाव के एवं स्वस्थ चित दिमाग से दे रहा हूं/रही हूं।

हस्ताक्षर शपथगृहीता

**सत्यापित**

मै............................. उपरोक्त शपथगृहिता मे सत्यापित करता हॅू कि शपथ पत्र की मद संख्या 1 से 4 सही एवं सत्य है इसमे कुछ भी नही छिपाया गया है अगर इसमे किसी प्रकार की भविष्य में असत्यता पायी जाती है तो मै स्वयं जिम्मेदार रहूगा। ईश्वर मेरा साक्षी है । बमुकाम जयपुर

दिनांक ..............

हस्ताक्षर सत्यापितकर्ता